# भक्तों को दर्शन दे गई रे .......

भक्तों को दर्शन दे गई रे, एक छोटी सी कन्या ।
छोटी-सी कन्या एक बाली सी कन्या ।।

भक्तों ने पूछा मैया नाम तेरा क्या है ?
वैष्णो देवी बता गई रे, एक छोटी-सी कन्या ।। भक्तों को ......

भक्तों ने पूछा मैया अस्त्र तेरा क्या है ?
त्रिशूल चक्र बता गई रे, एक छोटी-सी कन्या ।। भक्तों को .......

भक्तों ने पूछा मैया, वस्त्र तेरा क्या है ?
लाल-लाल चुंदड़ी बता गई रे, एक छोटी-सी कन्या ।। भक्तों को ....

भक्तों ने पूछा मैया, रहती कहाँ हो ?
ऊंचे-ऊंचे पर्वत बता गई रे, एक छोटी-सी कन्या ।। भक्तों को ......

भक्तों ने पूछा मैया, भोग तेरा क्या है ?
हलवा पूड़ी बता गई रे, एक छोटी-सी कन्या ।। भक्तों को ......

भक्तों ने पूछा मैया, देती तुम क्या हो ?
अन्न, धन, लक्ष्मी बता गई रे, एक छोटी-सी कन्या ।। भक्तों को..

भक्तों ने पूछा मैया, आती तुम कहाँ हो ?
भक्तों का प्यार बता गई रे, एक छोटी-सी कन्या ।। भक्तों को ......



घणी गई थोड़ी रही, या भी बीती जाय।
क्यों न भजता राम को, उमर खिसकती जाय।।